(b) if not, the reasons for *the* delay; and

(c) the details of the contemplated refinery?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) to (c)The detailed feasibility report (DFR) for implementing a Joint Venture Refinery at Bhaiinda with equity contribution of 26% each by the JV Partners has been submitted by HPCL. The estimated cost of the refinery and power plant as per the DFR is Rs. 9644 crores and Rs. 3364 crores respectively.

The Project is expected to be completed within 48 months from the date of Government's approval. The project is planned to be funded by IV Company through debt equity ratio of 1.5:1.

कुमाऊं मण्डल में रसोई गैम की एजेंसी खोलने हेतु सर्वेक्षण

4088. **श्री राजनाध सिंह**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने वन संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत जंगलों के संरक्षित हो जाने के फलस्वरुप उत्पन्न हुई ईधन समस्या के हल हेतु उन क्षेत्रों का सर्वेक्षण कराया है यहां पर सरोई गैस एजेंसो खोलने की र्सभावना हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और उपरोक्त सवेक्षण कब तक पूरा हो जाएगा; और

(ग) "सरोई गैस की पर्वतीय क्षेत्र (ग्रामीण) विपणन योजना" के अंतर्गत बसोत/भिकियासैण (अल्मोड़ा) में रसोई गैस एजेंसी खोलने के प्रस्ताव को कब तक अंतिम रूप दे दिया जाएगा तथा वर्तमान में इस प्रस्ताव की स्थिति क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार):(क) और (ख) कुमाऊं मण्डल विकास निगम (के एम वी एन) उत्तर प्रदेश सरकार का एक संगठन है। सरकार को यह जानकारी नहीं है कि कमाऊं मण्डल विकास निगम ने एल पी जी डिस्ट्रिब्यूटरशिप खोलने के लिए सर्वेक्षण कराए हैं। तथापि इस क्षेत्र की ईधन आवश्यकता पूरी करने के लिए तेल कम्पनियों को निर्देश दिए गए हैं कि 2000 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित पर्वतीय क्षेत्रों में मांग करते ही एल पी जी कनेक्शन जारी किए जाएं। 1.4.1998 की स्थिति के अनुसार इन क्षेत्रों में एल पी जी की कोई प्रतीक्षा सूची बकाया नहीं थी।

(ग) बसोत और भिकियासैण, जिला अल्मोड़ा में मैसर्स रानीखेत गैस सर्विस, रानीखेत (कुमाऊं मण्डल विकास निगम की एक डिस्ट्रीब्यूटरशिप) के मौजूदा एल पी जी विस्तार केन्द्र है। बसोत और भिकियासैण में लोगों की एल पी जी मांग फिलहाल इन विस्तार केन्द्रों के माध्यम से पूरी की जाती हैं।

भीकियासैण के लिए एल पी जी विपणन योजना 1997-98 में एक एल पी जी डिस्ट्रीब्यूट्रशिप शामिल की गई है और इसे शारीरीक विकलांग श्रेणी के अंतर्गत 18.6.98 को विज्ञाप्ति किया गया है।

बसोत स्वतंत्र रूप से एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने के लिए व्यवहार्य नहीं पाया गया है। तथापि, भिकियासैण के लिए व्यवहार्यता का पता लगाते समय बसोत स्थान पर भी विचार किया गया था क्योंकि यह भिकियासैण से 15 कि.मी. के दायरे में स्थित है और इसमें वहां से आपूर्ति की जाएगी।

एल पी जी के कनेकशनों को रामपूर स्थानांतरित किया जाना

4089. **श्रीमती मालती शर्मा**: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) रामपुर में गैस एजेसियों का ब्यौरा क्या है त्था अप्रैल, 1997 से जून, 1998 तक भारत के विभिन्न स्थानों से रामपुर में एल पी जी कनेक्शनों के स्थानांतरण हेतु कितने आवेदन प्राप्त हुए और उनमें से कितने आवेदकों को कनेक्शन देने से मना कर दिया गया;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस संबंध में मैसर्स प्रगति फ्लेम तथा समीर गैस से संबद्धता हेतु आवेदन करने वाले ग्राहकों ने अपनी शिकायतों के निराकरण हेतु कई बार उपरोक्त एजेंसियों से संपर्क किया परंतु उन्हें कोई न कोई बहाना बना कर टाल दिया गया; और

(ग) इस तरह की शिकायतो का ब्यौरा क्या है तथा उनका निराकरण कब तक किया जाएगा?

पैट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) उत्तर प्रदेश में रामपुर में सार्वजनिक क्षेत्र तेल कम्पनियों की प्रचालन कर रही तीन एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिपें है। अप्रैल, 1997 से जुन, 1998 तक की अवधि के संबंध में इल डिस्ट्रीब्यूचरशिपों पर प्राप्त किए गए अंतरण पाठचरों के ब्यौरे निम्नवत् हैं:-